Regarding need to develop `Energy Self Reliant` villages in Jabalpur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid

श्री आशीष दुबे (जबलपुर) : भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का अभिसरण करते हुए जबलपुर क्षेत्र में ऊर्जा स्वावलंबी ग्राम विकसित किए जाएँ । जिसमे सौर ऊर्जा, बायो गैस एकीकृत रूप से अपनाकर ग्रामों को आत्मनिर्भरता के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाए । इसमें प्रत्येक घर सौर ऊर्जा से संचालित हो, जो पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत छत्तों पर सौर ऊर्जा, प्रत्येक ग्राम में केंद्रीयकृत बायो गैस संयंत्र स्थापित हो तथा प्रत्येक रसोई घर तक गैस की अपूर्ति सुनिश्चित हो । इसके तहत प्रत्येक परिवार को एक इलेक्ट्रिक स्कूटर, प्रत्येक ग्राम पंचायत को ई-रिक्शा उपलब्ध कराया जाना चाहिए जिससे स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा मिलेगा । ग्रामीण युवकों को सौर, बायो गैस उपकरणों का रखरखाब व सुधार में प्रशिक्षित कर स्पेयर पार्ट्स युक्त कार्यशाला की स्थापना हो, जिससे स्थानीय रोजगार मिल सके । सामुदायिक सहभागित्ता और उत्तर दायित्व को प्रोत्साहित करने के लिए ऊर्जा स्वावलंबी ग्रामों के लिए वार्षिक पुरस्कारों की व्यवस्था हो । अतः भारत सरकार से आग्रह है कि नवीकरणीय ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं का अभिसरण करते हुए ऊर्जा स्वावलंबी ग्राम मॉडल को अपनाकर आत्मनिर्भर, पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सतत तथा आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकें ।